पंजाब केसरी 12/10/2023

जी.एम.एन. कालेज में यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

जी.एम.एन. कालेज यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जानकारी देते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 11 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज की आई.सी.सी. कमेटी द्वारा यौन उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह की मुख्य वक्ता सहायक प्रोफैसर डा. अनुपमा सिहाग ने कहा कि उत्पीड़न केवल शारीरिक ही नहीं, अपितु मानसिक, सामाजिक व तनाव से संबंधित भी होता है। उन्होंने प्रथम वर्ष की छात्राओं को विषय से संबंधित विशेष सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने आई.सी.सी. की कार्यशैली के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके पश्चात् आई.सी.सी. प्रभारी कमलेश द्वारा विद्यार्थियों को कालेज के 'कोड ऑफ कंडक्ट' के बारे में बताया गया।

उनका कहना था कि उनका कालेज केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि इसके साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को भी महत्व देता है। कार्यक्रम में डा. राकेश कुमार, डा. अमिता, श्याम रहेजा व प्रीति के साथ-साथ लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।